भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2115
(20 दिसंबर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए)

# अमृत सरोवर मिशन

2115. श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:
श्री रविन्दर कुशवाहा:
श्री रवि किशनः
श्री प्रतापराव जाधवः
श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी:
श्री सुधीर गुप्ता:
श्री मनोज तिवारी:
श्री बिद्युत बरन महतोः
डॉ. कलानिधि वीरास्वामी:
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिकः
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हाल ही में देश के विभिन्न भागों में सरोवरों के निर्माण के लिए अमृत सरोवर मिशन शुरू किया है और यदि हां , तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त मिशन की मुख्य विशेषताओं के साथ इसका ब्यौरा और इसके क्या कारण हैं;

(ख) देश में अमृत सरोवर के निर्माण के लिए सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने देश में अमृत सरोवर के निर्माण के लिए स्थलों को चिह्नित किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उन स्थलों की संख्या कितनी है जिन पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है और जिन स्थलों पर निर्माण शीघ्र शुरू होगा;

(ङ) क्या सरकार ने उक्त मिशन के अंतर्गत होने वाली सभी गतिविधियों के लिए कोई पोर्टल बनाया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) देश के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या के समाधान में उक्त मिशन किस हद तक सहायक होगा;

(छ) देश में इस मिशन के अंतर्गत स्वीकृत की जाने वाली संभावित धनराशि और इसके निर्धारित लक्ष्य का राज्य-वार और जिले-वार ब्यौरा क्या है; और

(ज) इस मिशन के अंतर्गत झारखंड और तमिलनाडु सहित शामिल किए जाने वाले संभावित राज्यों की राज्य/जिला-वार और स्थान-वार संख्या कितनी है?

उत्तर

ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क): मिशन अमृत सरोवर भावी पीढ़ी के लिए जल के संचयन और संरक्षण के उद्देश्य से 24 अप्रैल, 2022 को शुरू किया गया है। मिशन अमृत सरोवर की मुख्य विशेषताएं **अनुबंध-I** में दी गई हैं।

(ख): इस मिशन अमृत सरोवर में शुरुआत में 15 अगस्त, 2023 तक पूरे भारत में 50,000 अमृत सरोवर तालाबों का निर्माण या पुनरुद्धार करने की योजना बनाई गई थी। अब 15 अगस्त, 2023 तक 50,000 अतिरिक्त अमृत सरोवर तालाबों का निर्माण किया जाएगा।

(ग): जी हां। राज्य सरकारों ने देश में अमृत सरोवर के निर्माण के लिए स्थानों की पहचान कर ली है।

(घ): दिनांक 14.12.2022 की स्थिति के अनुसार 53,050 स्थानों पर निर्माण कार्य शुरू हो गया है। जिन स्थानों पर निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू किया जाएगा उनकी संख्या 38,503 है।

(ड.): सरकार ने इस मिशन के अंतर्गत होने वाले सभी कार्यकलाप दर्शाने के लिए पोर्टल तैयार किया है। पहचाने गए स्थानों , शुरू किए गए कार्यों तथा पूरे हो चुके कार्यों का ब्यौरा आगे उल्लिखित लिंक के माध्यम से देखा जा सकता है: https://amritsarovar.gov.in/login

(च): प्रत्येक अमृत सरोवर का तालाब क्षेत्र 1 एकड़ है और इसकी जलधारण क्षमता लगभग 10,000 क्यूबिक मीटर है।

(छ): **मिशन अमृत सरोवर के लिए अलग से वित्तीय आवंटन नहीं किया गया है।** मिशन अमृत सरोवर के कार्य राज्यों की अपनी योजनाओं के अतिरिक्त महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) जैसी योजनाओं , 15वें वित्त आयोग के अनुदानों प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना उप योजनाओं जैसे कि वाटर शेड विकास घटक , हर खेत को पानी, जैसी पहले से चल रही विभिन्न योजनाओं के साथ तालमेल से राज्यों और जिलों के माध्यम से किए जा रहे हैं। इन कार्यों के लिए जनसामान्य से चंदे जैसे लोक अंशदान और कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के उपयोग की भी अनुमति है।

(ज): इस मिशन में झारखंड और तमिलनाडु सहित 34 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र शामिल हैं। राज्यों/जिलों और अमृत सरोवरों के स्थान का ब्यौरा आगे उल्लिखित लिंक से देखा जा सकता है: https://amritsarovar.gov.in/login

**लोक सभा में दिनांक 20.12.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न सं. 2115 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

i. मिशन अमृत सरोवर ग्रामीण विकास मंत्रालय, जल शक्ति मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, पंचायती राज मंत्रालय , पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा तकनीकी संगठनों की सहभागिता के साथ "संपूर्ण सरकार" के दृष्टिकोण पर आधारित है।

ii. इस मिशन के अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में कम से कम 75 अमृत सरोवरों का निर्माण या पुनरूद्धार किया जाएगा।

iii. प्रत्येक अमृत सरोवर का तालाब क्षेत्र कम से कम 1 एकड़ होगा और उसकी जलधारण क्षमता लगभग 10,000 क्यूबिक मीटर होगी।

iv. प्रत्येक अमृत सरोवर के चारो ओर नीम, पीपल और बरगद इत्यादि जैसे पेड़ लगाए जाएंगे।

v. प्रत्येक अमृत सरोवर सिंचाई, मत्स्यपालन, बतखपालन, सिंगाड़े की खेती, जल पर्यटन और अन्य कार्यकलापों जैसे विभिन्न प्रयोजनों के लिए जल के उपयोग द्वारा आजीविकाओं के सृजन का स्रोत होगा। अमृत सरोवर उस बस्ती में जनसमुदाय के एकत्र होने के स्थल के रूप में भी कार्य करेगा।

vi. मिशन अमृत सरोवर आजादी के अमृत महोत्सव में किए गए कार्य की प्रत्यक्ष अभिव्यक्ति है।

vii. प्रत्येक अमृत सरोवर स्थल पर स्वतंत्रता दिवस के प्रत्येक अवसर पर ध्वजारोहण किया जाएगा। मिशन अमृत सरोवर से स्वतंत्रता सेनानियों या उनके परिजनों, शहीदों के परिजनों, पद्म पुरस्कार विजेताओं को जोड़ा जाएगा।

viii. मिशन अमृत सरोवर के कार्य राज्यों की अपनी योजनाओं के अतिरिक्त महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) जैसी योजनाओं , 15वें वित्त आयोग के अनुदानों प्रधानंत्री कृषि सिंचाई योजना उप योजनाओं जैसे कि वाटर शेड विकास घटक, हर खेत को पानी, जैसी पहले से चल रही विभिन्न योजनाओं के साथ तालमेल से राज्यों और जिलों के माध्यम से किए जा रहे हैं। इन कार्यों के लिए जनसामान्य से चंदे जैसे लोक अंशदान और कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के उपयोग की भी अनुमति है।

ix इस मिशन अमृत सरोवर में जल संरक्षण , जनभागीदारी तथा जलनिकायों से खोद कर निकाली गई मिट्टी के अवसंरचना परियोजनाओं में समुचित उपयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

x. रेल मंत्रालय, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय तथा अवसंरचना परियोजना विकास में लगी अन्य सार्वजनिक एजेंसियां भी अमृत सरोवर से खोद कर निकाली गई मिट्टी/गाद के उपयोग के प्रयोजनार्थ इस मिशन में शामिल हैं।

****